वीयू–मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित हुआ तीन दिवसीय मत्स्य वर्धित उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रम

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में माननीय कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी के निर्देशानुसार तथा अधिष्ठाता डॉ. शशिकांत महाजन के मार्गदर्शन में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य उद्योग सहकारी समितियों के संचालक मंडल एवं प्रबंधकों का तीन दिवसीय "मछली प्रसंस्करण, मूल्य वर्धन एवं शैक्षणिक भ्रमण" प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 25/09/24 से 27/09/2024 तक आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छतरपुर व टीकमगढ़ जिले की मत्स्य सहकारी समितियों के 36 मत्स्य किसानों को मत्स्य प्रक्षेत्र का प्रबंधन, मत्स्य कृषि में नई तकनीकी तथा मत्स्य वर्धित उत्पाद जैसे मछली के कटलेट, फिश फिंगर, एवं मछली का आचार बनाने की विधि का प्रायोगिक रूप से प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूप रेखा समन्वयक डॉ. सोना दुबे एवं सह समन्वयक श्री शिव मोहन जी द्वारा तैयार किया गया, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सी.बी.बी.ओ. कृषि विकास व ग्रामीण प्रशिक्षण संस्था बुलढाणा द्वारा आयोजित किया गया जिसका क्रियान्वयन एजेंसी लघु कृषक कृषि व्यापार संघ नई दिल्ली भारत सरकार रही।

कार्यक्रम में महाविद्यालय से सह–शिक्षक अनिल केवट, सत्येंद्र कटारा, शिवानी पाठक, प्रियंका गौतम, प्रतीक कुमार तिवारी उपस्थित रहे एवं सी.बी.बी.ओ. कृषि विकास से परियोजना प्रबंधक दीपक वर्मा के साथ विशाल भंडारी, कुलदीप सिंह एवं दीपांशु विश्नोले उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर